प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शुक्रवार दिनांक 24.07.2026

मुख्य समाचारः–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को दी मंजूरी।

- केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात।

- सूरजपुर जिले में ग्रामीणों द्वारा किये गए पथराव में करीब दो दर्जन पुलिस जवान घायल।

- भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की बाहुडा रथयात्रा आज श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई।

<u>केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को मंज़ूरी दे दी है। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रीमंडल की बैठक में इसे मंज़ूरी दी गई। सूत्रों ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है।

श्री मोदी ने कल एक वीडियो संदेश में घोषणा की थी कि पेपर लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधानों वाला एक विधेयक संसद में पेश किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री–दिल्ली प्रदर्शन

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। श्री नड्डा ने बताया कि बैठक के दौरान परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी पार्टी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। श्री नड्डा ने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के लीक होने पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी।

इस बीच, प्रतिनिधिमंडल में शामिल कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि सरकार ने उनकी दो मांगों पर सैद्धांतिक रूप से सहमति दे दी है।

इस बीच, सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने कल रात गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में छब्बीस दिनों की भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। श्री वांगचुक पिछले महीने की अट्ठाईस तारीख से षिक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक मामले में जवाबदेही की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर थे।

सड़क हादसा–समझौता ज्ञापन

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य शासन और आईआईटी मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत डेटा–आधारित हाइपरलोकल सड़क सुरक्षा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। पहले चरण में सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से सबसे संवेदनषील दस जिलों में यह कार्यक्रम लागू होगा। 'संजय' प्लेटफॉर्म के माध्यम से चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थानों पर समयबद्ध और कम लागत वाले सड़क सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

पोषण–सीएसआर

महिला और बाल विकास विभाग ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी –सीएसआर के माध्यम से राज्य में पोषण, बाल विकास तथा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को गति देने की पहल शुरू की है। इसी उद्देश्य से रायपुर में विभाग और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार ने कहा कि सरकार की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में उद्योगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

विभाग की संचालक डॉक्टर रेणुका श्रीवास्तव ने कहा कि सीएसआर सहयोग के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास करने के साथ ही नवाचार आधारित गतिविधियों का विस्तार किया जा सकता है।

पुलिस जवान–घायल

सूरजपुर जिले के मदन नगर–धरमपुर इलाके में भूमि अधिग्रहण और कोयला खदान का सर्वे करने पहुंची पुलिस और प्रषासन की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के पथराव में पुलिस के करीब चौबीस जवान घायल हो गए हैं। इनमें महिला कर्मी भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसीबी–गिरफ्तार

सक्ती जिले में एंटी करप्षन ब्यूरो की टीम ने जिला अस्पताल सक्ती के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर संतोष कुमार पटेल को एक लाख रुपये रिष्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रभारी सिविल सर्जन पर आरोप है कि उन्होंने अपने ही अधीनस्थ कर्मचारी का पे डेटा भेजने के बदले रिष्वत मांगी थी।

वहीं, एसीबी की टीम ने बस्तर जिले के कोड़ेनार थाना में पदस्थ महिला आरक्षक तिलेश्वरी साहू को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

खरसिया–नया रायपुर–परमलकसा–रेललाइन

छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित खरसिया–नवा रायपुर–परमलकसा नई दोहरी रेल लाइन परियोजना को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इससे अधिक दबाव वाले बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशनों से बाईपास करने वाली मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों की सुगम और तेज आवाजाही हो सकेगी। यह जानकारी केंद्रीय रेल, मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर के माध्यम से दी।

यह रेल मार्ग छत्तीसगढ़ के आठ प्रमुख जिलों से होकर गुजरेगी और इसे औद्योगिक तथा खनिज क्षेत्रों को आपस में जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस कॉरिडोर का मुख्य ध्यान बलौदाबाजार जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ना है।

गौरतलब है कि रेल मंत्रालय ने सात हजार आठ सौ चौव्वन करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से दो सौ अठहत्तर किलोमीटर लंबी खरसिया–नवा रायपुर–परमलकसा नई दोहरी रेल लाइन के निर्माण को बीते वर्ष अप्रैल महीने में मंजूरी दी थी।

राज्यपाल–मुलाकात

राज्यपाल रमेन डेका से रायपुर में राज्य के निजी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों से भेंटकर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना और संचालन संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस के तहत नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से संबंधित प्रावधानों पर विचार–विमर्श किया। श्री डेका ने राज्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के

विस्तार को लेकर में अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति और कुलपति उपस्थित थे।

## सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र

केन्द्र सरकार ने कहा है कि बेहतर पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधियों के लिए पोषण अभियान के दूसरे चरण के तहत दो लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नत किया जाएगा। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

## शिक्षक–निर्देश

संविलियन, सेवा सुरक्षा, समान कार्य के लिए समान वेतन सहित विभिन्न मांगों को लेकर पिछले करीब चौबीस दिनों से हड़ताल कर रहे अतिथि षिक्षकों ने आज अपने आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की है। अतिथि शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की मुलाकात शिक्षा सचिव से हुई। इस दौरान कुछ मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक पहल का भरोसा दिए जाने पर अतिथि शिक्षक संघ ने फिलहाल अपने आंदोलन को स्थगित करने का फैसला लिया है। संघ ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को पांच सितंबर तक का समय दिया है।

## बाहुडा रथयात्रा

भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की बाहुडा रथयात्रा आज श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। नौ दिवसीय प्रवास के बाद भगवान, गुंडीचा मंदिर से अपने मूल धाम श्री जगन्नाथ मंदिर वापस लौटे।

बाहुडा रथयात्रा को श्रद्धा, समर्पण और लोक मंगल का प्रतीक माना जाता है। राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से बाहुड़ा यात्रा निकाली गई।

<u>ब्रिक्स–स्कूल चयन</u>

रायपुर के शांति नगर स्थित पी. जी. उमाठे उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय का चयन ब्रिक्स–दो हजार छब्बीस स्कूल जियोस्पेशियल परियोजना शोकेस के लिए हुआ है। जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच से छत्तीसगढ़ से केवल एक ही स्कूल को किसी परियोजना के लिए चयनित होने का मौका मिला है।

यह आयोजन बाईस जुलाई को तिरूपति स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान में हुआ, जिसमें ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के समक्ष विद्यार्थियों द्वारा तैयार जियोस्पेशियल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया।

<u>'मोबाइल ट्री एटीएम'</u>

राज्य में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए 'मोबाइल ट्री एटीएम' की अनूठी पहल शुरू की गई है। इसके तहत बीजापुर में एसपी बंगले के पास जिले का पहला 'ट्री एटीएम' स्थापित किया गया है। इसके साथ ही डीएवी स्कूल में सीडबॉल निर्माण प्रशिक्षण और वन महोत्सव का आयोजन भी किया गया।

<u>बातों–बातों–में</u>

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार बारिश के मौसम में होने वाले बीमारियों और बचाव पर एम्स रायपुर के डॉक्टर तुषार भरत जगजापे से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल पच्चीस जुलाई को आकाशवाणी

केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेष में वर्षा की गतिविधियों में कमी आने की संभावना जताई है। साथ ही अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेष में फिलहाल कहीं भी भारी बारिष होने के आसार नहीं है।

<><><><><><>